केन्द्रीय विद्यालय संगठन
केन्द्रीय विद्यालय संगठन(मुख्यालय)
Kendriya Vidyalaya Sangathan (HQ)
18,संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीतसिंह मार्ग,
18, Institutional Area ,Saheed Jeet Singh Marg
नई दिल्ली/New Delhi-110016
फोन न.26858570, फैक्स/ FAX 26524580
वेब/Website: www.kvsangathan.nic.in
ईमेल/Email: kvshindisection@gmail.com

फा. सं. 11025/16/2014 केविसं(मु.) /हिंदी /

अपील

14 सितम्बर, 1949 को हिंदी को भारतीय संघ की राजभाषा बनाने का गौरव प्राप्त हुआ। 26 जनवरी, 1950 को संविधान लागू होने के पश्चात से अब तक हिंदी को राजभाषा के रूप में अपनाए 65 वर्ष होने जा रहे हैं, यद्यपि इन वर्षों में कार्यालयों में हिंदी का प्रयोग बढ़ा है किन्तु भारत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में अभी भी प्रयास करने की आवश्यकता है। 14 सितम्बर को प्रतिवर्ष हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। अत: अब हिंदी दिवस के अवसर पर हमें राजभाषा हिंदी के प्रयोग संबंध में संवैधानिक उपबंधों पर विशेष रुप से ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि हिंदी के प्रयोग में गुणात्मक व संख्यात्मक वृद्धि सुनिश्चित की जा सके।

राजभाषा विभाग, भारत सरकार द्वारा नूतन उपकरणों यथा-कंप्यूटर एवं अन्य आधुनिक उपकरणों के माध्यम से हिंदी के प्रयोग को व्यापक एवं सरल बनाने के उद्देश्य से अनेक कारगर कदम उठाए गए हैं; परिणामस्वरूप इन आधुनिक उपकरणों के माध्यम से हिंदी में काम करना वर्तमान में अत्यंत सरल एवं रूचिकर हो गया है। सूचना प्रौद्योगिकी के नवीन आविष्कारों ने भी हिंदी के साहित्यिक स्वरूप को प्रयोजनमूलक बनाने में बहुत योगदान दिया है तथा यूनिकोड की सहायता से बहुत कम अभ्यास और कम समय में अधिकारी / कर्मचारी अपना कार्य मौलिक रूप से हिंदी में करने में समर्थ हो जाते हैं और इन्हीं कारणों से आज विश्वस्तर के अनेक सॉफ्टवेयर द्वारा हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषाओं में कार्य करने की दिशा में सरकार द्वारा बहुत ही श्रम एवं धन का नियोजन किया गया है, परिणामस्वरुप वर्तमान में मोबाइल, टीवी, टैबलेट आदि द्वारा हिंदी का प्रयोग प्रचूर एवं सहजाता से होने लगा है।

आइए, हिंदी दिवस के अवसर पर यह संकल्प लें कि केविसं में हम अपना कार्यालयी कार्य आधुनिक उपकरणों की सहायता से संवैधानिक भावनाओं के अनुरूप मौलिक रूप से हिंदी में करेंगे और अन्य सहयोगी कर्मियों की इस कार्य में सहायता करेंगे।

केंद्रीय विद्यालय संगठन परिवार के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को 14 सितम्बर 2014, हिंदी दिवस के अवसर पर हार्दिक बधाई।

अविनाश दीक्षित

14 सितम्बर, 2014

(अविनाश दीक्षित)
आयुक्त